आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार चाय उद्योग के उत्थान के लिए हरसंभव मदद देगी। चंद्र कुमार ने आज पालमपुर में हिमाचल प्रदेश टी डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चाय उत्पादन के उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने आईएचबीटी पालमपुर द्वारा विकसित की गई चाय की किस्म को कृषि विभाग के चाय विंग के साथ मिलकर पूर्णतः तकनीकी सहयोग कर चाय उत्पादकों के बागीचों में प्रदर्शनी फार्म तैयार करने के भी निर्देश दिए। चंद्र कुमार ने चाय उत्पादकों से बदलते पर्यावरण के अनुसार पौधों का रखरखाव करने को कहा। चंद्र कुमार ने चाय की मार्केटिंग के लिए इंडियन टी बोर्ड का सहयोग लेने का भी सुझाव दिया।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को किन्नौर ज़िला के लोगों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए विकास कार्यों का लाभ मिल सके। जगत सिंह नेगी आज रिकांगपिओ में ज़िला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से समस्त प्रदेश के लोगों के कल्याण और सुविधा के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सरकार की योजनाओं को शीघ्रता से आम जनमानस तक पहुंचाने को कहा। बैठक में गैर सरकारी सदस्यों से प्राप्त हुई शिकायतों पर चर्चा की गई और राजस्व मंत्री ने संबंधित विभागों को इन समस्याओं को तुरंत हल करने के निर्देश दिए।

मस्जिद

नगर निगम शिमला के आयुक्त की अदालत ने संजौली की विवादित मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के आदेश दिए हैं। निगम आयुक्त की अदालत ने आज इस संबंध में अपना फैसला सुनाया। निगम आयुक्त की अदालत के फैसले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता जगतपाल सिंह ने बताया कि वक्फ बोर्ड को आज मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागजात और मस्जिद का नक्शा अदालत में पेश करने को कहा गया था लेकिन वक्फ बोर्ड के वकील ने न तो सही दस्तावेज दिए और न ही अपना पक्ष मज़बूती से रख पाए। इसके बाद निगम आयुक्त ने पूरी मस्जिद को तोड़ने के आदेश दिए हैं।

## विनोद सुल्तानपुरी

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनसमस्याओं का समयबद्ध निपटारा करने के लिए प्रयासरत्त है। उन्होंने आज कसौली विधानसभा क्षेत्र की हरिपुर पंचायत में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ज़िला, उपमंडल, खंड और ग्राम स्तर तक सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है और लोगों को इनका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम को बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने भी संबोधित किया।

## यातायात

शिमला जिला प्रशासन ने शिमला शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आम जनता से सुझाव मांगे हैं। ये सुझाव उपायुक्त शिमला के कार्यालय में और ई–मेल के माध्यम से 10 मई तक दिए जा सकते हैं। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर की अध्यक्षता में विशेष समिति इन सुझावों पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता मुख्य तौर पर स्पीड, रेड लाइट्स, सर्कुलर व अन्य संकरे मार्गों पर वन–वे, स्टॉपेज, ट्रैफिक जाम से निजात और भारी वाहनों के आवागमन के बारे में सुझाव दे सकती है। ज़िला प्रशासन ने स्कूल बसों और स्कूल टैक्सियों के संचालन को लेकर भी सुझाव मांगे हैं। इस बीच उपायुक्त की अध्यक्षता में आज शिमला सिटी प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि अगले 15 दिनों में शिमला शहर में नया ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा ताकि शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके और पर्यटकों को भी बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

नमस्कार।